दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 18-03-2026

## चेन्नई में 10 से 14 मार्च तक हुई प्रतियोगिता

# कोरियोग्राफी में द्वितीय स्थान पाने वाली टीम का स्वागत



सीआरएसयू में विजेता छात्रों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

जींद| सीआरएसयू के छात्रों ने अंधविश्वास विषय पर कोरियोग्राफी में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस कलई सरल राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन चेन्नई में 10 से 14 मार्च तक भव्य रूप से किया गया।

इस प्रतियोगिता ने सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मकता का एक सशक्त मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में कुल 25 टीमों ने भाग लिया। इनमें से 5 विश्वविद्यालयों को प्रथम स्थान, 7 विश्वविद्यालयों को द्वितीय स्थान और 5 टीमों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सीआरएसयू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

टीम के सदस्यों में सिमरन, श्वेता, स्नेहा, निकिता, मुस्कान, तन्नू, रवि, कमल, सुमित, तम्मना, अमित और रोशन शामिल रहे। विश्वविद्यालय में पहुंचने पर सभी का स्वागत किया गया।

my city
अमर उजाला
सूर्योदय सुबह 6:32
सूर्यास्त शाम 6:34
स्थानीय समयानुसार
27° temperature 18°
अगले 7 दिनों का पूर्वानुमान देखें- amarujala.com/weather
रोहतक | बुधवार | 18.03.2026
चैत्र,कृष्ण, पक्ष, चतुर्दशी, अमावस्या, विक्रम संवत 2082
amarujala.com/jind
जींद






सीआरएसयू की टीम का माला पहनाकर स्वागत करता स्टाफ। स्रोत : विवि

# कलई सरल प्रतियोगिता में सीआरएसयू को दूसरा स्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। चेन्नई में दस मार्च से 14 मार्च तक आयोजित कलई सरल राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम ने अंधविश्वास विषय पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में देशभर के 25 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। कलाकारों ने दिल्ली के चर्चित बुराड़ी कांड को जीवंत रूप में मंच पर उतारकर दर्शकों को स्तब्ध कर दिया।

सशक्त अभिनय, सटीक भाव-भंगिमा और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि अंधविश्वास के दुष्परिणाम कितने भयानक हो सकते हैं। इस प्रस्तुति ने न केवल जजों का दिल जीता बल्कि वहां मौजूद जनसमूह को सोचने पर मजबूर कर दिया।

सफलता की इस कहानी में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों का सामूहिक प्रयास शामिल रहा। टीम में सिमरन, श्वेता, स्नेहा, निकिता, मुस्कान, तन्नू, रवि, कमल, सुमित व रोशन आदि छात्र शामिल रहे।

**Date-18.03.2026**

# CRSU Jind team wins second place in national cultural competition, receives grand welcome on return

SHIV KUMAR SHARMA
JIND, MAR 17

Students of Chaudhary Ranbir Singh University (CRSU), Jind, were accorded a warm welcome upon their return after securing second place in a national cultural competition held in Chennai. The team was felicitated by Registrar Dr Rajesh Bansal and OSD to the Vice-Chancellor Dr Vijay Kumar, who honoured the winners with garlands and medals.

Under the guidance of Vice-Chancellor Prof Ram Pal Saini, the university team achieved the position in choreography on the theme of "Superstition." The national-level cultural event was held from March 10 to 14 in Chennai and witnessed participation from universities across the country, showcasing diverse talent and creativity. The competition featured 25 teams, out of which five secured first place, seven teams—including CRSU—won second place, and five teams finished third. The university's performance brought pride and recognition at the national level.



The team comprised Simran (Economics), Shweta (English), Sneha (Fine Arts), Nikita (LLB), Muskan (Zoology), Tannu (Zoology), Ravi (Yoga Department), Kamal (Yoga Department), Sumit (Law Department), Tamanna (Law), Amit (Commerce) and Roshan (Management). The participants demonstrated strong teamwork, discipline and dedication in their performance.

The presentation on "Superstition" was both impactful and thought-provoking. Drawing inspiration from the Burari case, the team highlighted the harmful consequences of blind faith through a powerful stage performance. Their expressions, acting and delivery compelled the audience to reflect deeply on the issue. Congratulating the team, Registrar Dr Rajesh Bansal said that presenting such a serious and sensitive topic on stage was highly commendable, adding that such performances not only entertain but also convey meaningful social messages.

दैनिक जागरण

Date-18.03.2026

# संक्षिप्त समाचार

## सीआरएसयू की टीम ने चेन्नई में प्रतियोगिता में पाया दूसरा स्थान



टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वागत करते अधिकारी। ● सौ. विवि

जासं ● जींद : चेन्नई में 10 से 14 मार्च तक हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम ने अंधविश्वास विषय पर कोरियोग्राफी में दूसरा स्थान हासिल किया। मंगलवार को टीम का विश्वविद्यालय पहुंचने पर कार्यवाहक रजिस्ट्रार डा. राजेश बंसल और ओएसडी डा. विजय कुमार ने टीम का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 25 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में देशभर के 25 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। पांच विश्वविद्यालयों को प्रथम स्थान, सात विश्वविद्यालयों को द्वितीय और पांच टीमों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। टीम सदस्यों में सिमरन, श्वेता, स्नेहा, निकिता, मुस्कान, तन्नू, रवि, कमल, सुमित, तम्मना, अमित और रोशन शामिल रहे।

पंजाब केसरी
WED,18 MARCH 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 1

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता चेन्नई में पाया द्वितीय स्थान

जींद, 17 मार्च (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में अंधविश्वास विषय पर कोरियोग्राफी में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस कलई सरल राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन चेन्नई में 10 से 14 मार्च तक भव्य रूप से किया गया, जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता ने सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मकता का एक सशक्त मंच प्रदान किया। प्रतियोगित में कुल 25 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 5 विश्वविद्यालयों को प्रथम स्थान, 7 विश्वविद्यालयों को द्वितीय स्थान तथा 5 टीमों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

टीम के सदस्यों में सिमरन (इकोनॉमिक्स), श्वेता (इंगलिश), स्नेहा (फाइन आर्ट्स), निकिता (एल.एल.बी.), मुस्कान (जूलॉजी), तन्नू (जूलॉजी), रवि (योगा विभाग), कमल (योगा विभाग), सुमित (लॉ विभाग), तम्मन (लॉ), अमित (कॉमर्स) और रोशन (मैनेजमैंट) शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने शानदार टीम वर्क, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए प्रस्तुति को सफल बनाया।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद की टीम ने अंधविश्वास विषय पर अत्यंत प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में बुराड़ी कांड को आधार बनाकर समाज में व्याप्त अंधविश्वास के दुष्परिणामों को मंच के माध्यम से जीवंत रूप में दर्शाया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, भाव-भंगिमा और संवादों के माध्यम से दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया।



प्रतियोगिता की विजेता टीम।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने जिस गंभीर और संवेदनशील विषय को मंच पर प्रस्तुत किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस प्रकार की प्रस्तुतियां न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी देती हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

वहीं, ओ.एस.डी. टू वाइस चांसलर डॉ. विजय कुमार ने अपने संदेश में कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच और सामाजिक समझ का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। अंधविश्वास जैसे विषय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना उनकी बौद्धिक परिपक्वता को दर्शाता है। यह उपलब्धि उनके कठोर परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

डी.वाई.सी.ए. निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमारी टीम ने जिस प्रकार राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह सफलता आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। इस अवसर पर डॉ. भावना, डॉ. कविता तथा वी.सी. के पी.एस. सुरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और टीम के प्रयासों की सराहना की।